कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

पत्रांक केयू/आर0ओ0/2020–21/68 दिनांक 30 जून, 2020

सेवा में,

1. परिसर निदेशक,
   डी0एस0बी0परिसर, नैनीताल/एस0एस0जे0परिसर, अल्मोड़ा/
   सर जे0सी0बोस तकनीकी परिसर, भीमताल।
2. निदेशक, डी0आई0सी0, कु0वि0वि0 नैनीताल।
3. निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0, कु0वि0वि0 नैनीताल।
4. निदेशक, सिरिक, कु0वि0वि0 नैनीताल।
5. परीक्षा नियंत्रक, कु0वि0वि0 नैनीताल।
6. उप निदेशक, एच0आर0डी0सी0, कु0वि0वि0 नैनीताल।
7. वित्त नियंत्रक, कु0वि0वि0 नैनीताल।
8. वरिष्ठ सूचना वैज्ञानिक, कु0वि0वि0 नैनीताल।
9. उप–कुलसचिव, सामान्य प्रशासन, कु0वि0वि0 नैनीताल।

विषयः दिनांक 25 जून, 2020 को सम्पन्न आई0क्यू0ए0सी0 बैठक का कार्यवृत्त।

महोदय/महोदया,

दिनांक 25 जून, 2020 को माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में आयोजित आई0क्यू0ए0सी0, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल की बैठक का कार्यवृत्त आपके अवलोकनार्थ एवं तद्क्रम में अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,
30/6/2020
(के0आर0भट्ट)
कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. निजी सचिव–कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

30/6/2020
(के0आर0भट्ट)
कुलसचिव

दिनांक 25–06–2020 को विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, नैनीताल के सभागार में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (National Assessment & Accreditation Council-NAAC) नैक ग्रेडिंग की तैयारियों को लेकर 12:00 बजे माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गयी । जिसमें सम्मलित सम्मानित सदस्यों की उपथिति निम्नवत् रही :–

1– प्रो0 एल0 एम0 जोशी,
परिसर निदेशक, डीएस0बी0 परिसर, नैनीताल ।

2– प्रो0 जगत सिंह बिष्ट,
एस0एस0जे0 परिसर, अल्मोड़ा ।

3– प्रो0 पी0सी0 कविदयाल
परिसर निदेशक, सर जे0सी0 बोस तकनीकी परिसर, भीमताल । 25/6/2020

4– प्रो0 संजय पंत,
निदेशक, डी0आई0सी0 कु0वि0वि0, नैनीताल । 25/06/2020

5– प्रो0 राजीव उपाध्याय,
निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0, कु0वि0वि0, नैनीताल । Rajeev 25/06/2020

6– प्रो0 एम0सी0 जोशी,
निदेशक, सिरिक, कु0वि0वि0, नैनीताल । 25/6/2020

7– प्रो0 एच0सी0एस0 बिष्ट,
परीक्षा नियन्त्रक, कु0वि0वि0, नैनीताल ।

8– डा0 दिव्या जोशी, उपाध्याय,
उप निदेशक, एच0आर0डी0सी0 दि हरमिटेज । 25/06/2020

9– श्री के0आर0 भट्ट, कुलसचिव, कु0वि0वि0, नैनीताल ।

10–श्री दिनेश राणा, वित्त, नियन्त्रक, कु0वि0वि0, नैनीताल ।

11–वरिष्ठ सूचना वैज्ञानिक, कु0वि0वि0, नैनीताल ।

12 - उप-परीक्षा नियंत्रक, कु॰वि॰वि॰, नैनीताल, 25/6/2020

दिनांक 25–06–2020 को विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, नैनीताल के सभागार में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (National Assessment & Accreditation Council- NAAC) नैक ग्रेडिंग की तैयारियों को लेकर 12:00 बजे माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में IQAC से सम्बधित विषयों की एक महत्वपूर्ण बैठक की गयी । बैठक का आरम्भ माननीय कुलपति जी के सम्बोधन के साथ नैक (NAAC) द्वारा वर्ष 2021 में होने वाले मूल्यांकन से सम्बन्धित विस्तृत पावर पाइन्ट के द्वारा हुआ। इस सारगर्भित प्रस्तुतिकरण में नैक (NAAC) की पद्धति को विस्तार पूर्वक समझाया गया एवं विश्वविद्यालय की विशिष्ट परिस्थितियों के मध्यनजर सुझाव दिये गये।

ऐजन्डा के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा होने के पश्चात लिये गये निर्णयों की आख्या निम्नवत् है :–

1. विभागाध्यक्ष आगामी सत्र में शिक्षण कार्य के लिये समय सारणी (Time-Table) एवं प्रश्नपपत्रों का आवंटन अतिशीध्र सुनिश्चित करने के पश्चात स्नातक स्नातकोत्तर सेमेस्टरों हेतु आनलाइन (Online) पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के लिये परिसरों के समस्त विभागों के प्रत्येक सदस्य को गूगल शर्कोलर्स (Google Scholars) एवं गूगल साइट पर अपना एकाउंट खोलकर उनको आवंटित प्रश्नपत्र सम्बन्धित समग्र सूचनायें (पाठयकम, PO, PSO,CO, पठन सामग्री, संदर्भ सामग्री एवं पुराने प्रश्न–पत्र इत्यादि) डालना (Post) अनिवार्य होगा। प्रत्येक शिक्षक को उपरोक्त कार्य को प्रथम चरण दिनांक 31 जुलाई 2020 तक पूर्ण करने हेतु निर्देश परिसर निदेशक उचित प्रकिया द्वारा अतिशीघ्र प्रेषित करेंगे।
2. नैक (NAAC) मूल्यांकन की पद्धति एवं सारभूत तत्वों से समस्त स्टेक होल्डरर्स को अवगत कराने के लिये प्रत्येक परिसर में आई0क्यू0ए0सी0 (IQAC) द्वारा शीध्र ही कार्यशाला (Work Shop) करवाई जायेगी।
3. नैक (NAAC) मूल्यांकन के विद्यार्थी की संतुष्टि (Student Satisfaction) के सर्वे हेतु आई0क्यू0ए0सी0 (IQAC) एवं डी0आई0सी0 (DIC) संयुक्त रूप से कार्य करेंगे।
    - नैक (NAAC) द्वारा विद्यार्थी की संतुष्टि (Student Satisfaction) सर्वे की तैयारी हेतु पूर्व प्रशिक्षण प्रक्रिया करवाना वांछनीय होगा। इसके लिये तीनों परिसरों के विद्यार्थियों को आगामी पांच माह में प्रत्येक माह एक छोटा सर्वे (10–15 प्रश्नका) करवाया जायेगा। डी0आई0सी0 (DIC) एक आनलाइन प्लेटफार्म बनायेंगे एवं परिसर स्तर पर समन्वयक इस प्लेटफार्म का प्रयोग कर प्रत्येक माह मॉक सर्वे करवायेंगे।
    - विद्यार्थी की संतुष्टि (Student Satisfaction) सर्वे के लिये न्यूनतम 1000 विद्यार्थियों का डाटा बेस तैयार करना होगा।

Rajeev
29/06/2020

4. पूर्व छात्रों (Alumni) सेल को पूर्नगठित कर सकिय रूप से आई0क्यू0ए0सी0 (IQAC) के साथ समन्वय में काम करना होगा। सेल के समन्वयक के रूप में प्रो0 ललित तिवारी, समन्वयक, डी0एस0बी0 परिसर – प्रो0 ललित तिवारी, समन्वयक, एस0एस0जे0 परिसर – डॉ0 डी0 एस0 विष्ट, समन्वयक, भीमताल परिसर – डॉ0 अमित जोशी के नामों पर सहमति हुई। प्रो0 ललित तिवारी पूर्व छात्रों (Alumni) द्वारा वेबिनारों (Webinar) का आयोजन सुनिश्चित करेंगे।
5. परिसर निदेशक सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक संकाय एक मासिक न्यूज लैटर प्रकाशित करेंगे।
6. पत्रकारिता ( Journalism and Mass Communication) विभाग, डी0एस0बी0 परिसर प्रत्येक माह विश्वविद्यालय का समाचार पत्र निकालेगा। इस कार्य का दायित्व प्रो0 गिरीश रंजन तिवारी का दिया जाय। विश्वविद्यालय से प्रकाशित होने वाले शोध जनरलों को प्रोत्साहित किया जाय एवं इन्हें यू0जी0सी0 केयर लिस्ट में सम्मिलित करवाये जाने का पूरा प्रयास किया जाय।
7. नैक (NAAC) मूल्यांकन में मापदण्ड (Criteria) तीन (03) के अन्तर्गत शोध सम्बन्धित मानकों को अत्यन्त महत्वपूर्ण माना गया है। निदेशक, एस0आर0सी0सी0 की भूमिका नैक (NAAC) मूल्यांकन – एस0एस0आर0 तैयार करना अत्यन्त आवश्यकीय है। आई0क्यू0ए0सी0 (IQAC) द्वारा इस मापदण्ड (Criteria) से सम्बन्धित सभी डाटा उन्हें प्रेषित किया जायेगा। डी0एस0बी0 परिसर में कुमाऊँ विश्वविद्यालय इन्नोवेशन (Innovation), and इनक्यूवेशन (Incubation) सैंटर (KUIIC) स्थापित किया जायेगा । जे0सी0बी0 परिसर, भीमताल में उद्यमिता (Entrepreneurship) Start up कौशल विकास केन्द्र स्थापित करें। प्रत्येक केन्द्र विद्यार्थियों के रचनात्मक विचारों को प्रोत्साहित कर उनसे प्रस्ताव बनवायेगा एवं इन विचारों को विकसित करवाकर र्स्टाटप पंजीकृत करवाने तक ले जायेगा।
8. मौलिकता एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने हेतु स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में शोध पत्र एवं शोध परियोजना प्रस्ताव अनिवार्यतः लिखने होंगें सी0बी0सी0एस0 (CBCS) में इसके केडिट होंगें।
9. आई0पी0आर0 सेल को गठित कर विश्वविद्यालय की आई0पी0आर0 नीति को मूर्त रूप देने का कार्य अतिशीध्र किया जाय। इस सेल के समन्वय का दायित्व प्रो0 एस0डी0 शर्मा को दिया जाय। विधि विभाग में नियुक्त संविदा संकाय (Contract Faculty) को उपरोक्त कार्य के साथ पेटेन्ट सम्बन्धी समस्त कार्यालयी कार्य सौपे जाये। समन्वयक, आई0पी0आर0 पर वेबिनार (Webinar) आयोजित करें।

Rajeev
29/06/2020

10. विश्वविद्यालय द्वारा परामर्श (Consultancy) के कार्यों को प्रेरित कर इनकी संख्या बढ़ाना अतिआवश्यकीय है। निदेशक, एस0आर0आई0सी0. परामर्श (Consultancy) सेल के समन्वयक होंगे वे प्रमुख विभागों को चिन्हित कर प्रत्येक विभाग में एक संयोजक नामित करेंगें। चार विभागों पर अधिक ध्यान केन्दित किया जायेगा – भूगर्भ विज्ञान, भूगोल, विधि एवं प्रबन्धन। ये विभाग अपनी प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाने हेतु प्रस्ताव विभिन्न संस्थानों में भेजें।

11. पाठयक्रमों में सुधार हेतु जहां आवश्यक हो बी0ओ0एस0 (BOS) में उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञ को सम्मिलित किये जाय।

12. पाठयक्रमों के फीडबैक प्रक्रिया हेतु डी0आई0सी0 (DIC) के सहयोग से आनलाइन प्रक्रिया स्थापित की जाय। डी0आई0सी0 (DIC) उचित प्लेटफार्म विकसित कर इसको विभिन्न सेल, पूर्व छात्र (Alumni) सेल, and different Stake holders से परिसर निदेशक, संकायायक्ष एवं विभागाध्यक्षों के सहयोग से पाठयक्रम सम्बन्धित फीडबैक प्राप्त करेंगें।

13. छात्रों के मूल्यांकन एवं उन्नति के महत्वपूर्ण पक्षों पर विचार करने एवं सूझाव देने हेतु एक समिति का गठन किया जाय इसके संयोजक परीक्षा नियत्रक होगें एवं सदस्यों में संकायाध्यक्ष एवं यदि आवश्यक हो अन्य विशेषज्ञ भी सम्मिलित होंगे। यह समिति दो माह के भीतर अपनी प्राथमिक आख्या प्रस्तुत करेगी।

14. सूचना वैज्ञानिक सुनिश्चित करें कि प्रत्येक परिसर से सम्बन्धित प्राप्त पुरस्कारों प्रशस्ति पत्रों का वेबसाइट पर दर्शाया (Upload) जाय। यह भी सुनिश्चित किया जाय कि पिछले पांच वर्षो की क्रीडा विभाग, एन0एस0एस0 (NSS), एन0सी0सी0 (NCC) की समस्त उपलब्धियों को दर्शाया (Upload) जाय।

15. माननीय कुलपति जी द्वारा एन0एस0एस0 (NSS) के कार्यों की समुचित रिपोटिंग न होने एवं कार्यो में शिथिलता के सम्बन्ध में गम्भीर चिन्ता व्यक्त की गई। उक्त को अधिक सक्रिय बनाने हेतु समन्वयक को निर्देश दिये जाय कि प्रत्येक सप्ताह एन0एस0एस0(NSS) का कोई कार्यक्रम प्रत्येक परिसर में आवश्यक रूप से सम्पन्न कराये जाय। समन्वयक एक्शन प्लान बनाकर माननीय कुलपति जी को अनुमोदन हेतु प्रेषित करेंगे। समन्वयक अतिशीध्र एक बैठक आहूत करें, जिसमें पूर्व पदाधिकारियों को सम्मिलित कर अभिलेखों (Documentation) एवं प्रचार प्रसार के लिये प्रसार का कार्य सुनिश्चित करने पर निर्णय लिये जाय।

16. विस्तार कार्यो के स्तर को बढ़ाने हेतु प्रत्येक विभाग में एक संयोजक नियुक्त किया जाय जो कि अपनी मासिक आख्या परिसर निदेशक को भेजें।

Rajeev
29/06/2020

17. कोलेबरेशन का स्तर बढ़ाने हेतु एक सेल का गठन किया जाय, जिसकी समन्वयक प्रो बीना पाण्डे होगीं। प्रत्येक संकाय स्तर पर एक सयोजक नियुक्त किया जाय जो कि मासिक आख्या परिसर निदेशक को दें ।
18. आई0क्यू0ए0सी0 (IQAC) कार्यालय में एक डाटा सेन्टर बनाया जाय जहा तीनों परिसरों से प्राप्त समस्त दस्तावेजों एवं आख्या सही तरीके से रखे जाय।
19. आई0क्यू0ए0सी0 (IQAC) नैक (NAAC) को अब तक की समस्त ए0क्यू0ए0आर0 अतिशीघ्र भेजना सुनिश्चित करें ।
20. नेक मूल्यांकन हेतु मापदण्ड (Criteria) कोओरडिनेटर की बैठक अगामी सप्ताह में बुलाई जाय।
21. विश्वविद्यालय में बेस्ट प्रैक्टीस को चिन्हित करने हेतु परिसर निदेशकों के सहयोग से कार्य आरम्भ किया जाय।
22. नैक (NAAC) मूल्यांकन के कार्य की प्रगति से सम्बन्धित बैठक प्रत्येक 15 दिन में माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में आहूत की जायेगी।
23. आई0क्यू0ए0सी0 (IQAC) कार्यालय को एक कम्प्यूटर एवं एक लेपटाप अतिशीध्र स्टोर के माध्यम से सीधी खरीद की संस्तुति कुलपति जी द्वारा की गई।
24. IQAC सभी gaps को Identify करेगा एवं उनकी पूर्ति हेतु उचित कार्यवाही करेगा ।
25. विश्वविद्यालय के किसी भी विभाग में जो भी कार्यकम आयोजित किया जाता है उसकी रिपोर्ट अगले दिन वि0वि0 की Website पर upload की जाय । श्री युगल जोशी को मेल द्वारा रिपोर्ट भेजी जाय एवं साथ ही फोटो कापी भी भेजी जाय ।
26. Solar Panel and water harvesting से सम्बन्धित विषय पर कुलसचिव के स्तर पर आवश्यकीय कार्यवाही की जाय ।

Rajeev 29/06/2020
निदेशक

आई0 क्यू0 ए0 सी0
कु0वि0वि0, नैनीताल।